सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–4

राजभवन देहरादून 08 मई, 2023

पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी पहुंचे। यहां पहुंचने पर अकादमी के निदेशक श्री श्रीनिवास आर. कटिकिथाला ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अकादमी परिसर का भ्रमण कर निदेशक से जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से भी बातचीत की।

पूर्व राष्ट्रपति व राज्यपाल दिनांक 9 मई को अकादमी में होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।

...............0.................